370

# बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लि0,

"खाद्य भवन", दारोगा प्रसाद राय पथ, आर0 ब्लॉक, रोड नं0-2, पटना-800001

## कार्यालय आदेश

निगम के पत्रांक 7138 दिनांक 3.9.20 द्वारा बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम के अन्तर्गत विभिन्न पदों पर संविदा पर नियोजन हेतु विज्ञापन का प्रकाशन किया गया था। उक्त विज्ञापन के आलोक में विभिन्न पदों के विरूद्ध प्राप्त आवेदनों पर स्थायी स्थापना समिति की अनुशंसा के आलोक में निगम ज्ञापांक 7614 दिनांक 22.09.2019 द्वारा 77 सहायक प्रबंधकों को विभिन्न गोदामों पर पदस्थापित किया गया था। कुछ सहायक प्रबंधकों द्वारा पदस्थापित स्थान पर योगदान समर्पित नहीं किये जाने के कारण उनका दावा समाप्त करते हुए प्रतिक्षा सूची के कॉलम 2 में अंकित अभ्यर्थियों का औपबंधिक रूप से संविदा के आधार पर उनके नाम के सम्मुख कॉलम 7 में अंकित पद हेतु पत्र निर्गत की तिथि से एक वर्ष के लिए नियोजित करते हुए अगले आदेश तक कॉलम 8 में अंकित स्थान पर पदस्थापित किया जाता है। सभी अभ्यर्थियों को निदेश है कि वे पी0पी0ओ0/अंतिम वेतन प्रमाण पत्र/शपथ पत्र/स्वास्थ्य प्रमाण पत्र के साथ अविलम्ब पदस्थापित स्थान पर योगदान करना सुनिश्चित करेंगे। पूर्व में प्रस्तुत कागजातों में भिन्नता/त्रुटि पाये जाने एवं सेवा निवृति विभाग से प्रतिकुल प्रतिवेदन प्राप्त होने पर नियोजन रद्ध कर दिया जायेगा। नवपदस्थापन स्थान पर योगदान की तिथि से मानदेय आदि देय होगा।

| क्र0 | नाम | गृह जिला | सेवानिवृति का कार्यालय | सेवानिवृति का पद | कोटि | पद नाम जिसके विरूद्ध चयन किया गया है। | पदस्थापित स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्री चन्द्र बली मिश्रा | भदोई उत्तर प्रदेश | बिहार स्टेट मिल्क फेडेरेशन, पटना | सहायक प्रबंधक | सामान्य | सहायक प्रबंधक | टी0पी0डी0एस0 गोदाम, चारपोखरी, राज्य खाद्य निगम, भोजपुर |
| 2 | श्री मदन मोहन तिवारी | रोहतास | विस्कोमान, पटना | सहायक भंडार प्रबंधक | सामान्य | सहायक प्रबंधक | टी0पी0डी0एस0 गोदाम, कोच, राज्य खाद्य निगम, गया |
| 3 | श्री महेश्वर प्रसाद सिंह | गोपालगंज | कृषक सेवा केन्द्र विस्कोमान मढ़ौरा सारण | सहायक भंडार प्रबंधक | सामान्य | सहायक प्रबंधक | टी0पी0डी0एस0 गोदाम, पानापुर, राज्य खाद्य निगम, सारण |
| 4 | श्री विनोद कुमार सिंह | पटना | झारखण्ड जगुआर एस0टी0एफ0 राँची | पुलिस अवर निरीक्षक | सामान्य | सहायक प्रबंधक | टी0पी0डी0एस0 गोदाम, एकंगरसराय, राज्य खाद्य निगम, नालन्दा |
| 5 | श्री विपिन बिहारी सिंह | सारण | बिस्कोमान, पटना | सहायक भंडार प्रबंधक | सामान्य | सहायक प्रबंधक | टी0पी0डी0एस0 गोदाम, पिरो, राज्य खाद्य निगम, भोजपुर |
| 6 | श्री शशि शंकर शर्मा | पटना | अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, पटना (योजना एवं विकास विभाग) | प्रखण्ड सांख्यिकी पर्यवेक्षक | सामान्य | सहायक प्रबंधक | टी0पी0डी0एस0 गोदाम, साहेबपुर कमाल, राज्य खाद्य निगम, बेगुसराय |
| 7 | श्री अशोक कुमार सिंह | बांका | पुलिस अवर निरीक्षक एस0टी0एफ0, बिहार, पटना | पुलिस अवर निरीक्षक | सामान्य | सहायक प्रबंधक | टी0पी0डी0एस0 गोदाम, धरहरा, राज्य खाद्य निगम, मुंगेर |
| 8 | श्री हरिशंकर सिंह | आरा | भूमि विकास बैंक, मुजफ्फरपुर, बिहार | शाखा प्रबंधक | सामान्य | सहायक प्रबंधक | टी0पी0डी0एस0 गोदाम, अरवल, राज्य खाद्य निगम, अरवल एवं अतिरिक्त प्रभार, करपी |
| 9 | श्री प्रमोद कुमार श्रीवास्तव | मुजफ्फरपुर | शिक्षा विभाग, मनहार, वैशाली | प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी | सामान्य | सहायक प्रबंधक | टी0पी0डी0एस0 गोदाम, रक्सौल, राज्य खाद्य निगम, मोतिहारी |
| 10 | श्रीमती मीना सिन्हा | मुजफफरपुर | ग्रामीण विकास विभाग | प्रखण्ड प्रसार पदाधिकारी | सामान्य | सहायक प्रबंधक | टी0पी0डी0एस0 गोदाम, पतरघाट, राज्य खाद्य निगम, सहरसा |
| 11 | श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव | छपरा | बैंक ऑफ इंडिया | अधिकारी | सामान्य | सहायक प्रबंधक | टी0पी0डी0एस0 गोदाम, बिक्रम, राज्य खाद्य निगम, पटना |
| 12 | श्री कृष्णा कुमार सिंह | पटना | बिहार पुलिस, पटना | पुलिस अवर निरिक्षक | सामान्य | सहायक प्रबंधक | टी0पी0डी0एस0 गोदाम, बाजार समिति, राज्य खाद्य निगम, बक्सर |
| 13 | श्री राम विनोद कुमार सिंह | गया | भूमि विकास बैंक, भोजपुर | प्रभारी शाखा प्रबंधक | सामान्य | सहायक प्रबंधक | टी0पी0डी0एस0 गोदाम, मदनपुर, राज्य खाद्य निगम, औरंगाबाद |

24/10/20

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | श्री श्याम सुन्दर साह | मधेपुरा | खाद्य एवं आपूर्ति विभाग/प्रखंड आपूर्ति कार्यालय, सबौर, भागलपुर | प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी | सामान्य | सहायक प्रबंधक | टी0पी0डी0एस0 गोदाम, सौर बाजार, राज्य खाद्य निगम, सहरसा |

**शर्तें** :–

(i). अभ्यर्थियों की तत्काल औपबंधिक रूप से इस शर्त के साथ नियोजित की जाती है कि उनके द्वारा समर्पित प्रमाण पत्रों की सम्पुष्टि के क्रम में अथवा सेवा निवृत कार्यालय से कोई प्रतिकुल प्रतिवेदन प्राप्त होता है एवं कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो संबंधित अभ्यर्थी का नियोजन तत्काल प्रभाव से रद्द की जा सकेगी एवं उनके विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई भी की जा सकेगी।

(ii). सभी अभ्यर्थियों को यह निदेश दिया जाता है कि अविलम्ब नवपदस्थापित स्थान पर अपना योगदान समर्पित करेंगे। इसके लिए किसी प्रकार का भत्ता आदि देय नहीं होगा।

(iii). नियोक्ता एवं अनुबंध के आधार पर नियोजित किये जाने वाले व्यक्ति के बीच विहित प्रपत्र में ननजुडिसिएल स्टाम्प पेपर पर एकरारनामा किया जाना आवश्यक होगा।

(iv). सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के संकल्प ज्ञापांक 10000 दिनांक 10.07.2015 के अनुरूप मानदेय का भुगतान किया जायेगा।

(v). उल्लिखित पद पर संविदा/अनुबंध के आधार पर नियोजन प्रथम चरण में पत्र निर्गत की तिथि से एक वर्ष के लिए होगी तथा आवश्यकतानुसार अवधि विस्तार किया जायेगा। कार्यकलाप संतोषप्रद नहीं रहने अथवा क्षति/गबन पाये जाने पर इन्हें बगैर कोई सूचना के कार्य मुक्त कर दिया जायेगा।

(vi). अनुबंध के आधार पर नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और न सरकारी सेवकों को अनुमान्य किसी भी सुविधा के हकदार माने जायेगें। इस प्रकार नियोजित व्यक्ति द्वारा नियोजन के पश्चात सरकारी सेवा में नियमितीकरण का दावा मान्य नहीं होगा।

(vii). संविदा आधारित यह नियोजन बिल्कुल अस्थायी एवं औपबंधिक होगा। जैसे ही रिक्ति के विरूद्ध नियमित नियुक्ति(यथा सीधी नियुक्ति/प्रोन्नति के उपरान्त नियुक्ति) के उपरान्त पदस्थापन होते ही संविदा पर नियोजित कर्मी की सेवा स्वतः समाप्त हो जायेगी।

(viii). इनके द्वारा भविष्य में की गयी क्षति/गबन की राशि की वसूली उनके मानदेय से की जायेगी एवं मानदेय से वसूली संभव नहीं होने की स्थिति में बिहार एवं उड़ीसा लोक मांग वसूली अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों के अधीन या निगम के प्रावधानों के तहत क्षति/गबन की वसूली उनके चल–अचल संपत्ति से की जायेगी।

(ix). अनुबंध की समाप्ति के पूर्व यदि नियोजित व्यक्ति पुनर्नियोजित नहीं होता है तो वैसी स्थिति में निर्धारित तिथि को उसका अनुबंध स्वतः समाप्त माना जायेगा और इसके लिए किसी आदेश का निर्गत किया जाना अपेक्षित नहीं होगा।

(x). इनके द्वारा संविदा पर निगम की सेवा छोड़ने के पूर्व निगम को एक माह का अग्रिम सूचना दिया जाना अनिवार्य होगा। नोटिस नहीं दिये जाने की स्थिति में उन्हें एक माह का मानदेय एक मुश्त भुगतान करना होगा। भुगतान नहीं करने की स्थिति में वह राशि बिहार एवं उड़ीसा लोक मांग वसूली अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों के अधीन या निगम के प्रावधानों के तहत वसूलनीय होगी।

**आदेश पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।**

ह0/–
मुख्य महाप्रबंधक, अधिप्राप्ति।

ज्ञापांकः–3:02:329:01:2019 9756 दिनांकः– 24/12/20

प्रतिलिपिः– सभी संबंधित सहायक प्रबंधक (संविदा) को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः–सभी जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–सभी मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक/उप महाप्रबंधक/गोपनीय शाखा/विपत्र लिपिक निगम मुख्यालय, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः–अपर सचिव खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर/कन्ट्रोल रूम प्रभारी को निगम के वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

24/12.20
मुख्य महाप्रबंधक, अधिप्राप्ति।